दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-126 जनवरी-फरवरी, 2019 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका

सत्कार समारोह (At Home)

दिल्ली पुलिस सप्ताह 16-22 फरवरी



सत्कार समारोह में शीर्षस्थ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए प्रेरणास्रोत है

आंतरिक सुरक्षा की सफलता पुलिस व जनता के मजबूत संबंधों पर भी निर्भर करती है

– श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त, दिल्ली



साथियों, जनवरी व फरवरी माह के दौरान ऐसा कुछ संयोग रहा कि हमें **महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी, केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, केंद्रीय गृहराज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू जी, केंद्रीय गृहराज्यमंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर जी, केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौर जी** व दिल्ली के **उपराज्यपाल महामहिम श्री अनिल बैजल** जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और हम सब उनके सम्बोधन से प्रोत्साहित भी हुए। हमें स्वयं को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए कि देश के शीर्षस्थ नेतृत्व के मार्गदर्शन में दिल्ली पुलिस निरंतर आधुनिकता, लोकप्रियता और जन विश्वसनीयता अर्जित करने की ओर अग्रसर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि दिल्ली पुलिस ने पिछले कुछ वर्षो में ऐसे मापदंड स्थापित किये हैं जो विश्व स्तर पर हमारी पहचान स्थापित कर रहे हैं।

हम 14 फरवरी, 2019 को श्रीनगर–जम्मू हाईवे पर सीआरपीएफ पुलिस के काफिले पर हुए आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धाजंलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करते हैं। एक अनुशासित पुलिस बल का हिस्सा होने के नाते हम सबको भी गहरा आघात पहुंचा है और इसी नाते देश के सुरक्षा बलों द्वारा किये गये आंशिक आर्थिक मदद के आप सब भी भागीदार बने हैं। हर वर्दीधारी को अपने मन में देशप्रेम के जज़्बे के साथ–साथ अपने साथियों के प्रति संवेदनशीलता और उदारता भी रखनी चाहिए।

70वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ–साथ उन सभी पुलिस पदक विजेताओं को बधाई देना चाहूँगा जिन्हें 16 फरवरी, 2019 को 72वें पुलिस स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल जी के कर–कमलों द्वारा पुलिस पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों एवं जवानों को गणतंत्र दिवस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर भी बधाई देता हूँ।

मैं कहना चाहूँगा कि आप सभी गतवर्ष किये गये बेहतरीन और उत्कृष्ट कार्यों को जनता के बीच रखें और अधिक कुशल व शालीन व्यवहार से आम जनता का विश्वास अर्जित करें तथा जनता के बीच स्वयं को एक दोस्त पुलिस के रूप में स्थापित करें। इसी श्रृंखला में 'दिल्ली पुलिस जनता के द्वार ' के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए देशी–विदेशी पर्यटकों के पसंदीदा स्थल इंडिया गेट पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें सम्पूर्ण दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया ताकि जनसामान्य भी जान सके कि उनकी पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए क्या–क्या कदम उठाती है। इसके साथ ही पिछले दिनों बाल शोषण के खिलाफ ''नाजुक'', बिछड़े बच्चों को मिलाने के लिए ''ऑपरेशन मिलाप,'' समाज के कमजोर वर्ग एवं साधन वंचित युवाओं के लिए ''खेल प्रतियोगिता व डिजिटल लाइब्रेरी''की सुविधा तथा साइबर प्रिवेंशन, अवेयरनेस एंड डिटेक्शन सेंटर एवं नेशनल साइबर फोरेंसिक लैब की शुरूआत जैसी अनेक गतिविधियाँ है जो हमें आम जनता के और निकट ले जाने में सहायक सिद्ध होंगी। पिछले दिनों लगभग 6656 नए पुलिसकर्मी पासआउट होकर दिल्ली पुलिस परिवार में शामिल हुए हैं जिससे न केवल दिल्ली पुलिस में विभिन्नता में एकता का बेहतरीन उदाहरण देखने को मिलेगा, बल्कि ये मेरा विश्वास है कि उच्च शिक्षित युवा दिल्ली के नागरिकों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देकर नए मापदंड स्थापित करेंगे।

जैसा कि आप सभी जानते है कि वर्ष 2019 में आगामी 17वीं लोकसभा के चुनाव सम्पन्न होने जा रहे है और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की अहम भूमिका होती है। इसीलिए मैं आप सबका आह्वान करना चाहूँगा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आप अपने दायित्व को पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी, निष्पक्षता के साथ निष्पादित करें। चूंकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को ऐसी डयूटी निभानी पड़ती है जिसमें आपको आरोप–प्रत्यारोप से उपर उठकर निष्पक्षता के साथ शांति–व्यवस्था बनाए रखनी होती है। सम्पूर्ण दिल्ली में बहुतायात में होने वाली जनसभाओं में कानून–व्यवस्था बनाए रखने, हर छोटे–बड़े कार्यकर्ता और अधिक से अधिक जनता के सम्पर्क में आने के कारण आपको अपने कर्तव्यों का निर्वाह और अधिक सतर्कता और कुशलता के साथ करना होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान पुलिस को अपनी निष्पक्ष छवि बनाए रखनी है, इसीलिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें।

अंत में, मैं अपने सभी अधिकारियों एवं जवानों से कहना चाहूँगा कि हमारे कार्यों की सफलता उसमें जनता की भागीदारी और उनके सहयोग करने की भावना पर ज्यादा निर्भर करती है। इसके लिए समाज के हर वर्ग, धर्म व आयु के नागरिकों का पुलिस में अटूट विश्वास होना नितांत आवश्यक है और आम जनता का विश्वास अर्जित करने के लिए जनता के मन में हमारे प्रति विश्वास, ईमानदार छवि और मजबूत व निष्पक्ष कार्यशैली की गहरी छाप का होना जरूरी है। हमारे सम्पूर्ण संसाधन चाहें, वे आधुनिक तकनीक से जुड़ी मोबाइल एप्लिकेशन के रूप में हों, नागरिकों की जागरूकता से जुड़ी योजनाएँ हों या फिर निरंतर आपकी सतर्कता ही क्यों ना हों, हमारी कार्यशैली में मददगार जरूर साबित हो सकते हैं। परन्तु पूर्ण सफलता अर्जित करने के लिए जनता की भागीदारी का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार आप अपराध घटित होने से पूर्व जानकारी हासिल कर उसे घटित होने से रोक सकते हैं या वारदात को सुलझाने के साथ अपराध में संलिप्त अपराधी को भी गिरफ्तार करने में सफल हो सकते हैं।

धन्यवाद।

दिल्ली पुलिस सप्ताह (16-22 फरवरी) 2019 के दौरान 20 फरवरी को 17, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर आयोजित गरिमामयी एवं प्रतिष्ठित कार्यक्रम सत्कार समारोह में शामिल अतिथिगण



महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद का स्वागत करते हुए



माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए



महामहिम उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल का स्वागत करते हुए



सत्कार समारोह के मुख्य अतिथि एवं मेज़बान दम्पत्ति



महामहिम के आगमन पर मेज़बान दम्पत्ति एवं अतिविशिष्ट अतिथिगण



विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का स्वागत करते हुए



संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय गोयल का स्वागत करते हुए



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री अरूण भगत का स्वागत करते हुए



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री एम.बी. कौशल का स्वागत करते हुए



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री टी.आर. कक्कड़ का स्वागत करते हुए



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त एवं भूतपूर्व राज्पाल डॉ. के.के. पॉल का स्वागत करते हुए



सत्कार समारोह की गरिमा बढ़ाती दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारीगण

फोटो : रोज़र जोसफ

72वें पुलिस स्थापना दिवस पर आयोजित परेड की प्रमुख झलकियों पर एक नजर



परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि उपराज्यपाल महोदय



परेड की सलामी लेते हुए मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त एवं विशेष पुलिस आयुक्त



थाना के.एन. काटजू मार्ग थानाध्यक्ष मोहर सिंह मीणा



थाना मालवीय नगर के थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह



थाना ख्याला के थानाध्यक्ष अशोक कुमार

16 फरवरी, 2019 को किंग्ज़वे कैंप स्थित नई पुलिस लाइन मैदान में 72वें दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर शानदार परेड का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम, परेड के **मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल एवं पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने 14 फरवरी, 2019 को श्रीनगर–जम्मू हाइवे पर सी.आर.पी.एफ पुलिस के काफिले पर हुए आतंकी हमले में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धाजंलि देते हुए उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

समारोह के **मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल** ने परेड का निरीक्षण किया और गतवर्ष गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस पदक से सम्मानित हुए 46 अधिकारियों एवं जवानों को पुलिस पदक लगाकर सम्मानित किया। विभिन्न मापंदडों के आधार पर चयनित सर्वश्रेष्ठ थाना **के.एन.काटजू मार्ग** के **थानाध्यक्ष मोहर सिंह मीणा** को ट्रॉफी, प्रशंसा पत्र व 20 हजार रूपये, **द्वितीय सर्वश्रेष्ठ थाना मालवीय नगर** के **थानाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सिंह दलाल** को ट्राफी, प्रशंसा पत्र व 15 हजार रुपये तथा **तृतीय सर्वश्रेष्ठ थाना ख्याला के थानाध्यक्ष श्री अशोक कुमार** को ट्राफी, प्रशंसा पत्र व 10 हजार रुपये नकद देकर मुख्य अतिथि महोदय ने सम्मानित किया गया।

परेड समाप्ति पर उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ–साथ समिति द्वारा प्रकाशित **''कोशिश एक आशा''** नामक पत्रिका के नए संस्करण का विमोचन भी किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक सहित समिति की अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थी।

इस मौके पर **पुडुचेरी की राज्यपाल श्रीमती किरण वेदी, भूतपूर्व राज्यपाल एवं भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री कृष्णकांत पाल, भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री पी.एस. भिंडर, श्री एम.बी.कौशल, श्री टी.आर कक्कड़ श्री बी.के.गुप्ता, श्री नीरज कुमार, भूतपूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण,** दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान, दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राएँ, पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाएँ और मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।

दिल्ली पुलिस का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। 16 फरवरी, 1948 को अस्तित्व में आने के बाद दिल्ली पुलिस हर वर्ष 16 फरवरी का दिन अपने स्थापना दिवस के रूप में मनाती आ रही है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी 16 फरवरी, 2019 को अपना 72वां पुलिस स्थापना दिवस 21वें पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक के नेतृत्व में मनाया गया। दिल्ली पुलिस 6 परिक्षेत्रों, 15 जिलों, 202 पुलिस स्टेशनों और लगभग 92 हजार पुलिस बल के साथ राजधानी दिल्ली की सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था के अपने दायित्व को निरंतर सफलतापूर्वक निभा रही है।



भूतपूर्व एव वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

माननीय उपराज्यपाल एवं पुलिस आयुक्त महोदय ने परेड को सम्बोधित किया

परेड के **मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल** ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली पुलिस निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए दिल्ली जैसे महानगर में, जो राजनीतिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों का एक केंद्रबिंदू है, बेहतरीन कानून व्यवस्था बनाए रखने के अपने दायित्व को सफलतापूर्वक निष्पादित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की आतंरिक सुरक्षा में पुलिस की अहम भूमिका होती है और अपनी इस भूमिका पर खरा उतरने के लिए दिल्ली पुलिस ने जो प्रयास किये हैं, वे सराहनीय है। उन्होंने जनकल्याणार्थ दिल्ली पुलिस में महिला कमांडो दस्ते (SWAT) का सृजन करने, अपनी कार्यशैली में नई तकनीक को अपनाने, युवा योजना को प्रभावशाली ढंग से लागू करने,' ट्रैफिक पुलिस सेंटिनल स्कीम'' व ''सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने, हाई–टेक फैसिलिटेशन बूथ शुरू करने, प्रहरी योजना चलाने, सीपीसीआर से जुड़ी 300 रफ्तार मोटरसाइकिलों की तैनाती करने, हिम्मत प्लस एप चलाने, मोबाइल एप्लीकेशन शुरू करने, आर्म्स लाइसेंस प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू करने व दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर विमेन एंड चिल्ड्रन द्वारा लाखों महिलाओं/छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने पर उनका नाम **''लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड''** में दर्ज होने पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ये सब योजनाएँ दिल्ली पुलिस की एक नई सोच व पहल को दर्शाती है।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि अपने स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस, दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा व सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराती है और भविष्य में भी शिकायतकर्ताओं और जनता के साथ अपने व्यवहार एवं आचरण में निरंतर सुधार के लिए प्रयासरत रहेगी। उन्होंने दिल्ली पुलिस की सभी जिला/यूनिटों में तैनात अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किये गये उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसी का परिणाम है कि गतवर्ष संगीन अपराधों में 12 प्रतिशत की कमी आई और वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2018 में 30.95 प्रतिशत की कमी आई। आतंकवाद से लड़ना दिल्ली पुलिस की सदैव सर्वोपरि प्राथमिकता रही है और इससे निपटने के लिए स्पेशल सेल ही नहीं बल्कि हर यूनिट काफी चौकन्नी रहती है।

परेड में दिल्ली पुलिस के सेरिमोनियल आर्म्ड पुलिस दस्तों, दिल्ली पुलिस के चिरपरिचित बैंड, महिला साइकिल दस्ते, यातायात मोटरसाइकिल दस्ते, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सहायक पुलिस दस्ते, पीसीआर की पराक्रम एवं पर्यटक वैन, रक्षक ,वज्र व वाटर कैनन जैसे वाहनों के दस्तों ने भाग लिया। इस वर्ष की परेड की खास बात यह भी रही कि इस बार परेड में हरियाणा, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की पुलिस टुकड़ियों ने भी परेड में हिस्सा लिया जो इस बात का द्योतक है कि सम्पूर्ण भारत की पुलिस आतंक के विरूद्ध लड़ाई में एक साथ है। परेड समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया व प्रशंसा की। उन्होंने समिति के कार्यों को महिला सशक्तिकरण की शानदार मिसाल बताते हुए समिति द्वारा किये जा रहे कल्याणार्थ कार्यो की प्रशंसा भी की।



समिति द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि



समिति द्वारा प्रकाशित 'कोशिश एक आशा' के नए संस्करण का विमोचन



पुडुचेरी की राज्यपाल श्रीमती किरण बेदी एवं समिति की पदाधिकारीगण


दिल्ली पुलिस में महिला सशक्तिकरण की एक झलक


मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, पुलिस पदक विजेताओं एवं सर्वश्रेष्ठ थानों के थानाध्यक्षों का सामूहिक चित्र

केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा साइबर प्रिवेंशन, अवेयरनेस एंड डिटेक्शन सेंटर व नेशनल साइबर फोरेंसिक लैब का उद्घाटन



केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित



साइबर क्राइम प्रिवेंशन एवं नेशनल साइबर फोरेंसिक लैब का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री, उपराज्यपाल महोदय एवं पुलिस आयुक्त



द्वारका में नवनिर्मित क्वार्टरों का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह, उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

एक ही छत के नीचे साइबर क्राइम से निपटने के लिए साइबर तकनीक लैब

डिज़िटल इंडिया की राह में साइबर क्राइम सबसे बड़ी बाधा

साइबर तकनीक के दुरूपयोग से पुलिस के सामने नई-नई चुनौतियाँ

केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा द्वारका में नवनिर्मित 56 क्वार्टरों का उद्घाटन

18 फरवरी, 2019 को **माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने सेक्टर–16 द्वारका में साइबर प्रिवेंशन, अवेयरनेस एंड डिटेक्शन सेंटर (CPADC) एवं नेशनल साइबर फोरेंसिक लैब (NCFL) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री अनु शर्मा तथा विशेष पुलिस आयुक्त डॉ0 एम.एम.ओबराय एवं श्री टी.एस. लूथरा सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं आई. आई. टी.के छात्र भी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आजकल साइबर क्राइम डिज़िटल इंडिया बनने की राह में सबसे बड़ी चुनौती है और यदि हमें डिजिटल इंडिया के प्रति लोगों के भरोसे को मजबूत करना या उस विश्वास को बरकरार रखना है, तो साइबर क्राइम के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। हालांकि यह संतोषजनक है कि हमने ऐसी क्षमता को विकसित कर लिया है, जो इस चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि साबइर तकनीक का इस्तेमाल दशहत फैलाने, महिलाओं को परेशान करने, आर्थिक अपराध एवं अन्य गैर कानूनी कार्यो के लिए किया जा रहा है। इसीलिए अपराधों के तौर–तरीके बदलने से साइबर पुलिसिंग को कई तरह की चुनौतियों से निपटना पड़ रहा है। साइबर तकनीक की मदद से अपराधी दुनिया में कहीं भी किसी को भी अपना निशाना बना सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में पुलिस के लिए भी नई–नई चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री महोदय ने उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने साइबर जगत में पेश आने वाली चुनौतियों के प्रति नागरिकों एवं छात्रों को जागरूक करने के दिल्ली पुलिस के अभियान में मदद की। दिल्ली पुलिस ने ऐसे शिक्षकों को साइबर अवेयरनेस मित्र का नाम दिया है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि दिन–ब–दिन साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं को देखते हुए दिल्ली पुलिस की नेशनल साइबर फोरेंसिक लैब काफी कारगर साबित होगी। इस लैब से केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि इस लैब के खुलने से साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने व नागरिकों को ऐसे अपराधों से कैसे बचें, इसके बारे में जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब हम उस तकनीक से सज्जित हो चुके हैं जो हार्ड डिस्क से डिलीट हो चुके डाटा की पुनःप्राप्ति कर सकती है। भविष्य में ये साइबर विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे।

सी.आर.पी.एफ.के शहीद जवानों की याद में पुलिस मुख्यालय में शोकसभा



14 फरवरी, 2019 को पुलवामा, श्रीनगर- जम्मू हाई-वे पर हुए आतंकी हमल में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों की याद में 15 फरवरी, 2019 को दिल्ली पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सहित सभी रैंक के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखा। अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई जबकि हमले में घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू द्वारा स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर विमिन एंड चिल्ड्रन व स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर नॉर्थ-ईस्ट रीज़न यूनिट के लिए नई बिल्डिंग का शिलान्यास

दिल्ली में महिलाओं को निरंतर आत्मरक्षा प्रशिक्षण और पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की सुरक्षा की प्रतिबद्धता दिल्ली पुलिस को प्रभावशाली व पेशेवर पुलिस बल बना रही है।

- केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री, श्री किरण रिजिजू



नई बिल्डिंग का शिलान्यास करते हुए केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू


निर्मित होने वाली बिल्डिंग का प्रारूप दिखाते हुए अधिकारीगण



पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों के लिए शुरू की गई (NEAT) पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

7 जनवरी, 2019 को **केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू** ने नानक पुरा में स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर विमिन एंड चिल्ड्रन (SPUWAC) तथा स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर नॉर्थ–ईस्ट रीज़न (SPUNER) यूनिट के लिए नई बिल्डिंग का शिलान्यास किया। इस मौके पर **उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन, श्री संदीप गोयल, श्री आर.एस.कृष्णैया, श्री एस.के.गौतम, श्री टी.एस.लूथरा, श्री संजय सिंह, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्रीमती नुजहत हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री डेविड लालरिनसंगा प्रबंधक निदेशक (उ.प्र.रा.नि.नि.लि) श्री राजन मित्तल, उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया** के अलावा काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू ने पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैयार की गई विशेष पीसीआर वैन (NEAT) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि दिल्ली पुलिस पूर्वोत्तर राज्यों सहित राजधानी में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए हमेशा तत्पर व प्रतिबद्ध रहती है, मुझे खुशी है कि दिल्ली पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है जिससे कि पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक खुद को सुरक्षित समझें। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की सेल्फ डिफेंस विंग भी आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से दिल्ली में महिलाओं एवं युवतियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बना रही है। अपने इन्हीं प्रयासों से दिल्ली पुलिस देश की सबसे प्रभावशाली और पेशेवर पुलिस है। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि दिल्ली की जो भौगोलिक स्थिति है उसमें यहाँ की सुरक्षा–व्यवस्था बनाये रखना आसान नहीं है, फिर भी दिल्ली पुलिस महिलाओं/बच्चों/बुजुर्गों व पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की सुरक्षा के लिए समय समय पर विशेष कदम उठा रही है। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि दिल्ली पुलिस निरंतर नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रयास करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहले से ही एक यूनिट थी, परन्तु अब विशेष तौर पर शुरू की गई पीसीआर वैन (NEAT) को वहाँ तैनात किया जाएगा जहाँ पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की बहुलता है। लगभग 5800 वर्ग मीटर में बनने वाली इस अत्याधुनिक पांच मंजिला बिल्डिंग में पार्किंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी सुविधा, बच्चों के लिए क्रेच व वूमन लॉज, लाइब्रेरी, कॉंफ्रेंस हॉल, ऑडिटोरियम इत्यादि की विशेष सुविधा होगी


महिला स्वाट कमांडो दस्ता पुलिस आयुक्त के साथ


स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रन की टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ

फोटो : रोज़र जोसफ

अंबेडकर स्टेडियम में पुलिस परिवार कल्याण समिति का "मिशन ओलपिंक" स्पोर्ट्स मीट–2019 का समापन समारोह



दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त


समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि


मुख्य अतिथि केंद्रीय खेल मंत्री एवं समिति की वरिष्ठ अधिकारीगण

4 जनवरी, 2019 को **दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति** द्वारा अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित **मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट–2019** के समापन समारोह में **केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौर** मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक**, दिल्ली पुलिस के अधिकांश वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं **समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** एवं समिति की सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थीं। केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री राज्यवर्धन राठौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल से शरीर तंदुरूस्त होता है और तंदुरूस्त शरीर में स्वस्थ दिमाग रहता है और स्वस्थ दिमाग व स्वस्थ शरीर ही एक सभ्य नागरिक व एक बेहतरीन खिलाड़ी का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की योजना 'खेलो इंडिया–बढ़ो इंडिया' के तहत देश में खेलों के प्रति एक सुनहरा वातावरण बन रहा है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने समिति द्वारा किये जा प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें जो निःशुल्क समुचित प्रशिक्षण, समिति के अथक प्रयासों द्वारा दिलाया जा रहा है। निःसंदेह यह पुलिसकर्मियों में भी एक विश्वास पैदा कर रहा है कि हमारा विभाग हमारे बच्चों का ध्यान रख रहा है। पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा शुरू किये गए मिशन ओलंपिक का उद्देश्य खेलों में राष्ट्रीय व अंतरर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकने वाले पुलिस परिवारों के बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उसे तराशना है, ताकि युवाओं की उर्जा का समुचित उपयोग कर भारत को खेलों की महाशक्ति बनाया जा सके। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि पुलिस परिवार कल्याण समिति अपने मिशन ओलंपिक के तहत पिछले 18 महीनों से खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण एवं जरूरी खेलकूद का सामान आदि उपलब्ध करा कर काफी सरानीय काम कर रही है। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने अपनी सहयोगियों के निःस्वार्थ योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुनहरा भविष्य उन्हीं युवाओं का होता है जो अपनी प्रतिभा को विकसित कर अपने सपनों की यथार्थ में बदलने की हिम्मत रखते हैं। 3 व 4 जनवरी, 2019 को दिल्ली की विभिन्न स्पोर्ट्स टीमों, क्लबों से जुड़ी टीमों और एसोसिएशनों के बीच नई पुलिस लाईन, शालीमार बाग, डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, विनय मार्ग व खेड़ा खुर्द गांव में 6 जगहों पर अनुभवी एवं प्रसिद्व खेल कोच और समिति की वरिष्ठ पदाधिकारियों की निगरानी में स्पोर्ट्स मीट आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में कुल 418 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से 231 खिलाड़ियों ने पदक जीते है। इनमें से 115 पदक दिल्ली पुलिस परिवार से जुड़े खिलाडियों ने जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जिनमें से 6 पदक एथलेटिक, 6 पदक बैडमिंटन, 36 पदक फुटबॉल, 48 पदक कबड्डी, 12 पदक शूटिंग व 3 पदक रेसलिंग में जीते गये।


मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, समिति अध्यक्षा एवं खिलाड़ियों का सामूहिक चित्र

झड़ौदा कलां प्रशिक्षण कॉलेज में 112वीं एवं 113वीं पासिंग आउट परेड़ सम्पन्न

6 फरवरी व 28 फरवरी, 2019 को पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, झड़ौदा कलां में 112वीं एवं 113वीं पासिंग आउट परेड सम्पन्न हुई जिसमें कांस्टेबल से लेकर एसआई पद के कुल 6656 प्रशिक्षुओं ने शपथ ग्रहण की। **6 फरवरी को केंद्रीय गृहराज्यमंत्री माननीय श्री हंसराज गंगाराम अहीर** ने और **28 फरवरी को माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री के.जगदीशन, प्रिसिंपल पीटीसी श्री मिची पाकू, प्रिसिंपल द्वारका श्रीमती सुमन नलवा** सहित अधिकांश वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पास–आउट होने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परिजन एवं मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।

6 फरवरी को हुई पासिंग आउट परेड में देश के विभिन्न राज्यों से दिल्ली पुलिस परिवार में शामिल हुए युवाओं में हरियाणा से 1249, राजस्थान 1216, उत्तर प्रदेश 736, दिल्ली 440, उत्तराखंड 6, पंजाब 4, मध्य प्रदेश 4, दादर नगर हवेली 3, महाराष्ट 2, हिमचाल प्रदेश 3, उड़ीसा 2 तथा बिहार, झारखंड व केरल से एक–एक कैंडिडेट शामिल है। इनमें से एम.बी.ए–6, एम.एस.सी–45,एम.सी.ए 3, एम. कॉम–19, एम.ए 191, एल.एल.बी 1, बी.टेक–76, बी.एससी 492, बीएड्–92, बीपीएड्–2, बी.ए–1448, जे.बी.टी–63 तथा 1219 कैंडिडेट 12वीं कक्षा पास है जबकि **28 फरवरी को पास आउट होने वाले में** इन नए युवाओं में हरियाणा से 518, राजस्थान 627, उत्तर प्रदेश 653, दिल्ली 191, उतराखंड 16, पंजाब 3, मध्य प्रदेश 3, मणिपुर 4, महाराष्ट्र 2, हिमाचल प्रदेश 2, असम 18, बिहार 24, चंडीगढ़ 5, तथा गुजरात, वेस्ट बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, दादर नगर हवेली, झारखंड व केरल से एक–एक कैंडिडेट शामिल है। इनमें से एमटेक–5, एम.बी. ए–7, एमफार्म–1, एम.एस.सी–9 ,एम.सी.ए 2, एम.कॉम–12, एम.ए 40, बीएससी–220, बी.टेक–119, बी.एससी 13, बीएड्–3, बीपीएड्–2, बीकॉम 81, बी.ए–519 तथा 918 कैंडिडेट 12वीं कक्षा पास है।

देश के विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के दिल्ली पुलिस परिवार में शामिल होने से न केवल दिल्ली पुलिस को नई उर्जा मिलेगी बल्कि देश की राजधानी दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले परिवारों के साथ परस्पर सामंजस्य स्थापित करने में भी बहुत मिलेगी।



दिनांक 6 फरवरी को परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर एवं पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



दिनांक 28 फरवरी परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल एवं पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



सर्वश्रेष्ठ महिला प्रशिक्षु को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



सर्वश्रेष्ठ महिला प्रशिक्षुओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि




सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, विशेष पुलिस आयुक्त, प्रशिक्षण कॉलेज स्टॉफ, विभिन्न विषयों के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु एवं ड्रिल स्टॉफ का सामूहिक चित्र

17 से 20 फरवरी, 2019 के बीच इंडिया गेट सर्कल में दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित 'पुलिस प्रदर्शनी' में दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की भागीदारी को भी सराहा गया



महिला सशक्तिकरण एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान के संदर्भ में दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी हासिल करते हुए पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण






दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा पुलिस प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्टॉल, आगुंतक रजिस्टर पर हस्ताक्षर तथा नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों का अवलोकन करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं समिति की अन्य पदाधिकारीगण





आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पुलिस प्रदर्शनी को देखने आये दर्शकों को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की रचनात्मक गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। चित्र में समिति की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारीगण





पुलिस प्रदर्शनी में दिल्ली पुलिस के इतिहास, गुमशुदा बच्चों एवं रेलवे व मेट्रो पुलिस की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

पुलिस आयुक्त द्वारा जनहित से जुड़ी एक और ऑनलाइन सेवा 'ई–आर्म्स लाइसेंस' मॉडयूल का उद्घाटन

31 जनवरी, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कॉंफ्रेंस हॉल, पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लाईसेंस शाखा द्वारा शस्त्र लाइसेंस संबंधी सभी प्रक्रियाएँ ऑनलाइन करने के लिए शुरू किये गये **''ई–आर्म्स लाइसेंस मॉडयूल''** का उद्घाटन किया। इस मौके पर अधिकांश विशेष पुलिस आयुक्त एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त भी उपस्थित थे, जबकि **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त (लाइसेंस) श्री प्रभाकर तथा उपायुक्त पुलिस (लाइसेंसिंग) श्री आसिफ मोहम्मद अली** ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं मीडियाकर्मियों को "online application for Arms License" की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि दिल्ली पुलिस को तकनीकी तौर पर और मजबूत बनाने की दिशा में यह एक और पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य शस्त्र लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए लाइसेंस शाखा की वेबसाइट http://www.delhipolicelicensing.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।



अदम्य साहस व अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा का शानदार प्रदर्शन करने वाले 41 पुलिसकर्मियों को बारी से पहले तरक्की

बारी से पहले पदोन्नति पाने वाले 41 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– हेडकां0 गुलाब सिंह व कां0 देवेन्द्र सिंह (अपराध शाखा), हेडकां0 भूपेन्द्र कुमार, हेडकां0 पवन कुमार, हेडकां0 दीपक, हेडकां0 धर्मेन्द्र कुमार, हेडकां0 अगम प्रसाद, हेडकां0 उधम सिंह, कां0 प्रवीण कुमार, कां0 राहुल कुमार, कां0 संजय कुमार, कां0 अक्षय कुमार, कां0 विपिन कुमार तथा कां0 अभिषेक कपिल, (स्पेशल सेल), हेडकां0 उमेश कुमार (द्वारका जिला), एसआई दिनेश कुमार, हेडकां0 राजकुमार, हेडकां0 मोहम्मद सलीम, कां0 श्याम लाल, कां0 शशिकांत (स्पेशल सेल) हेडकां0 संदीप कुमार (बाहरी जिला), हेडकां0 विकास सोलंकी (दक्षिण–पूर्वी जिला), हेडकां0 अजय कुमार (पश्चिमी जिला), कां0 संदीप (मध्य जिला), कां0 जयराम यादव (उत्तर–पश्चिमी जिला), एएसआई लोकेश (पूर्वी जिला), एसआई आदित्य, हेडकां0 सुबोध कुमार, हेडकां0 जोगेन्द्र सिंह, कां0 जितेन्द्र चौधरी, कां0 दीपक मलिक, कां0 जयकिशन, कां0 रशमुद्धीन खान, कां0 देवेन्द्र कुमार, कां0 संतोष सीएम, कां0 सुरेश (स्पेशल सेल), एसआई विनोद कुमार, हेडकां0 पुष्पेन्द्र राणा, कां0 वी. रमद्धू, कां0 दिनेश, कां0 आदिम अहमद (स्पेशल सेल), **असाधारण कार्य पुरस्कार व 50 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 73 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं** :– एसआई रामप्रताप, एसआई अरविंद, हेडकां0 समय सिंह व कां0 संदीप (द्वारका जिला), एसआई प्रीतोष एएसआई संजय, हेडकां0 रेशम व कां0 संदीप (पश्चिमी जिला), कां0 रोहिणी सोलंकी (अपराध शाखा), एसआई नगेन्द्र सिंह नागर, एएसआई खलील अहमद व कां0 मोहम्मद दिलशाद (दक्षिण–पूर्वी जिला), हेडकां0 मनोज कुमार व कां0 अमित कुमार (मध्य जिला), एसआई योगेश कुमार व एसआई योगेश तवंर (दक्षिण–पूर्वी जिला), इंस्पेकटर चन्द्रिका प्रसाद थपलियाल, इंस्पेक्टर अमूल्य त्यागी, एसआई सुखबीर सिंह व हेडकां0 अजीत सिंह (स्पेशल सेल), हेडकां0 विकास कुमार व कां0 कर्णवीर (दक्षिण–पश्चिमी जिला), हेडकां0 बिजेन्द्र व कां0 राहुल (अपराध शाखा), कां0 राजकुमार (द्वारका जिला), कां0 मनोज कुमार (दक्षिणी जिला), एसआई मनोज कुमार, एसआई विनयपाल एएसआई उमेश कुमार, एएसआई नरेन्द्र सिंह तथा हेडकां0 बांके बिहारी (स्पेशल सेल), एएसआई राकेश, कां0 सुभाष, कां0 सिकंदर (अपराध शाखा), एसआई सुनील अंतिल (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां0 सुनील कुमार व कां0 इरफान अहमद (उत्तर–पूर्वी जिला), एसआई अबोध कुमार, कां0 राजवीर, कां0 कपिल कुमार (पूर्वी जिला), एसआई दीपक दहिया, एसआई विनोद कुमार, एसआई सुन्दर गौतम, एसआई यशपाल सिंह,हेडकां0 शहजाद कुमार एएसआई शिव मंगल दहिया व हेडकां0 जोगेन्द्र सिंह (स्पेशल सेल) एसआई सुनील गौतम, एसआई यशपाल सिंह, एसआई शमशेर सिंह,एसआई संदेश कुमार एसआई विनय पाल व हेडकां0 नजीर अहमद (स्पेशल सेल), एसआई राजेन्द्र सिंह महिला एसआई रेणु बाला (उत्तर–पूर्वी जिला), एसआई विनय पाल व एएसआई आकाश तोमर (स्पेशल सेल), एसआई मनोज कुमार व हेडकां0 नसीम नबी (पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर चन्द्रिका प्रसाद थपलियाल, एसआई विक्रम (स्पेशल सेल), एएसआई सतीश कुमार (उत्तर–पूर्वी जिला), एसआई अबोध कुमार शर्मा, एसआई अरूण सिंधु व एसआई पंकज कुमार (पूर्वी जिला), कां0 राकेश व कां0 प्रदीप कुमार (पीसीआर) एसआई राजेन्द्र सिंह डागर (दक्षिण–पूर्वी जिला), हेडकां0 संजीव व कां0 संदीप (पश्चिमी जिला), एएसआई श्रीराम (ट्रेफिक), इंस्पेक्टर विनय त्यागी (अपराध शाखा) तथा एसआई आशीष कुमार (दक्षिण–पूर्वी जिला)। **पुलिस आयुक्त के प्रशंसा पत्र व 20/25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित 13 पुलिसकर्मियों में शामिल है:–** एसआई दीपक दहिया व कां0 अतुल कुमार (स्पेशल सेल) एसआई हवा सिंह व एएसआई सत्यवान (अपराध शाखा), हेडकां0 सुरज व हेडकां0 अमित (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां0 धमेन्द्र, हेडकां0 नरेश कुमार व कां0 परीक्षित (उत्तर–पूर्वी जिला), कां0 मनोज कुमार यादव (पश्चिमी जिला), कां0 पवन कुमार (ट्रेफिक), एएसआई अजित सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई रामनिवास (अपराध शाखा)। कई पुलिसकर्मी अलग–अलग मामलों में कई–कई बार भी सम्मानित हुए हैं।

शहीद हेडकां0 राजपाल कसाना को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

14 जनवरी, 2019 को अवैध शस्त्र सप्लायरों का पीछा करते हुए गंभीर रूप से घायल हुए स्पेशल सेल के **हेडकां0 राजपाल कसाना** की 19.01.2019 को उपचार के दौरान एम्स ट्रामा सेंटर में मृत्यु हो गई। उपचाराधीन हेडकां0 राजपाल कसाना की मृत्यु का समाचार पाकर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचे, शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव प्रशासनिक मदद दिलाये जाने का आश्वासन दिया। पुलिस आयुक्त महोदय के साथ **विशेष पुलिस आयुक्त डॉ एम.एम. ओबराय, उपायुक्त पुलिस श्री प्रमोद सिंह कुशवाह एवं एसीपी अतर सिंह** भी एम्स पहुंचे और शहीद राजपाल कसाना के परिजनों की ढ़ांढस बढ़ाई तथा बाद में उनके पैतृक गांव गए और उनकी अंतेष्टि में भी शामिल हुए। गांव सरिफाबाद राजपुरा, थाना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में जन्मे हेडकां0 राजपाल कसाना के परिवार में 20 व 22 वर्ष के दो पुत्र, पत्नी व बुजुर्ग माता जी है। विभिन्न मौकों पर अपने शौर्य, सूझबूझ, पेशे के प्रति जुनून और कर्तव्यनिष्ठा के बहुत से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले हेडकां0 राजपाल कसाना के अमूल्य योगदान को पुलिस परिवार सदैव स्मरण करेगा।



एम्स के ट्रॉमा सेंटर में पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

70वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस के 23 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी पुलिस पदक से सम्मानित

वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित


निरीक्षक
राहुल कुमार


निरीक्षक
रविन्द्र कुमार त्यागी


स.उ. निरीक्षक
राजेन्द्र कुमार


स.उ. निरीक्षक
गुरमीत सिंह

विशिष्ठ सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित


विशेष पुलिस आयुक्त
श्रीमती नुजहत हसन


अतिरिक्त आयुक्त पुलिस
श्री आर.ए.संजीव

सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित


अतिरिक्त आयुक्त पुलिस
डॉ0 अजीत कुमार सिंगला


अतिरिक्त आयुक्त पुलिस
श्री राजकुमार सिंह


उपायुक्त पुलिस
श्रीमती गीता रानी वर्मा


उपायुक्त पुलिस
डॉ0 जॉय नथानियल टिर्की


सहायक आयुक्त पुलिस
श्री मोहम्मद इकबाल


निरीक्षक
अतुल कुमार वर्मा


निरीक्षक
रविन्द्र कुमार त्यागी


महिला निरीक्षक
जयश्री गोसांई


महिला उप-निरीक्षक
कौशल कुमारी


उप-निरीक्षक
महेश सिंह


प्रधान सिपाही
सतेन्द्र सिंह


एएसआई
राजबीर सिंह


प्रधान सिपाही
विरेन्द्र सिंह


प्रधान सिपाही
प्रेमचंद


प्रधान सिपाही
जगनिवासन आर.


प्रधान सिपाही
पूनम वर्मा


प्रधान सिपाही
प्रोमिला



26 जनवरी 2019 को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल दिल्ली पुलिस का मार्चिंग दस्ता एवं चिरपरिचित बैंड राजपथ से गुजरता हुआ


अति0आयुक्त पुलिस श्री सुवाशीष चौधरी ने जीती निबंध प्रतियोगिता



अति. आयुक्त पुलिस श्री सुवाशीष चौधरी

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में तैनात **अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री सुवाशीष चौधरी** ने हैदराबाद स्थित नेशनल पुलिस अकादमी में आयोजित **'प्राइम मिनिस्टर सिल्वर कप एस्से कम्पीटिशन'** में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिल्ली पुलिस परिवार का गौरव बढ़ाया है। नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता में देश के सभी कार्यरत पुलिस अधिकारी हिस्सा ले सकते है और आईपीएस ट्रैनिज़ की पासिंग आउट परेड के दौरान विजेता अधिकारी को कप प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस बार की प्रतियोगिता का विषय था **''ए केस फॉर एविडेंस बेस्ड पुलिसिंग''** जिसमें श्री चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स से पोस्ट ग्रैजुएट और डीयू के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए श्री चौधरी विभिन्न मौकों पर आयोजित होने वाली निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लेने में रूचि रखते हैं।

हेड कां0 ओमबीर सिंह राठी की सुपुत्री ने बी.एस.सी स्पोर्टस और बीपीएड् में स्वर्ण पदक हासिल किया



शालिनी राठी सुपुत्री हेड. कां. ओमवीर सिंह राठी

दक्षिणी–पूर्वी जिला के थाना ओखला में तैनात **हेड कां0 ओमबीर सिंह राठी** का सीना उस समय गर्व से भरा उठा जब दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में **माननीय उपराष्ट्रपति श्री वैकैंया नायडू महोदय** ने उनकी **सुपुत्री शालिनी राठी** को शारीरिक शिक्षा (बी.एस.सी स्पोर्टस और बीपीएड्) में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ0 सत्यपाल सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री तरूण दास के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राएँ उपस्थित थे। दिल्ली विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी शालिनी राठी इन्दिरा गाँधी इंस्टीटूयट ऑफ फिज़िकल एजुकेशन एंड स्पोर्टस सांइसिस, विकासपुरी से बीपीएड् में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के बाद रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एमपीएड् कर रही है।

एसआई जगदीश झाझड़िया ने सेवानिवृत्ति के बाद मिले 32 लाख रुपये गांव में तिरंगा लहराने और स्टेडियम के निर्माण में लगा दिये



सेवानिवृत्त एसआई जगदीश



राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सदैव विशेष लगाव रखने वाले दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हुए एसआई जगदीश झाझड़िया ने अपने सेवाकाल के दौरान एक दिन स्वतत्रंता दिवस के मौके पर अपने घर (गांव जखोडा, जिला झुनझनु,राजस्थान) की छत पर तिरंगा ध्वज लहरा दिया था। जिस पर कई गांव वालों ने जिज्ञासावश उनसे पूछा कि ''ये क्या पताका (झंडी) लगा रखी है'' जगदीश झाझड़िया गांव वालों की बात सुनकर अचभित रह गये और उसी दिन अपने मन में ठान लिया कि जब भी आर्थिक स्थिति ठीक होगी अपने गांव में 100 फुटा उंचा तिरंगा जरूर लहराउंगा। सेवानिवृत्ति के बाद एसआई जगदीश झाझड़िया ने राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित उच्चतम न्यायलय के दिशा–निर्देशों की पूरी जानकारी हासिल करते हुए 12 लाख रुपये खर्च कर पंद्रह फुट चौड़ा और साढ़े 22 फुट लंबा तिरंगा तैयार करा कर उसे 100 फुट उंचे खंभे पर लहराया। इसके अलावा अपने पैतृक गांव जखोड़ा में निर्मित होने वाले स्टेडियम में भी बकाया रकम यानि 20 लाख रूपये की आर्थिक मदद करके गांववासियों के समक्ष समाजसेवा भावना अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत पूर्व एसआई जगदीश ने ध्वज के रखरखाव पर प्रतिवर्ष आने वाले 40 हजार रुपये के खर्च को भी स्वयं वहन करने की धोषणा ग्रामवासियों के सामने की। दिल्ली पुलिस परिवार पूर्व एसआई जगदीश झाझड़िया के जज्बे और देशभक्ति की सराहना करता है।

एएसआई रमेश मान की सुपुत्री ने सीपीओ परीक्षा (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया



नैन्सी मान सुपुत्री एसआई रमेश मान

ट्रैफिक यूनिट में तैनात **एएसआई रमेश मान** की सुपुत्री **नैन्सी मान** ने गतवर्ष एस.एस.सी. द्वारा आयोजित सीपीओ परीक्षा में ऑल इंडिया बेस पर 10वां और महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया है। दिल्ली पुलिस में एस.आई पद के लिए चयनित हुई नैन्सी मान ने बी.एस.सी (मैथ्स) करने के बाद एम.एस.सी (मैथ्स) की तैयारी शुरू की थी, कि इसी बीच एसएससी द्वारा आयोजित सीपीओ परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर ली और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। नैन्सी मान का कहना है कि हालांकि रोजगार के मामले में मैने अपना भविष्य सुनिश्चित कर लिया है परन्तु मेरा यह गंतव्य नहीं है, और मेरा सम्पूर्ण प्रयास होगा कि मैं सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करूं और एक समृद्ध समाज निर्माण में अपना योगदान दूं।

पुलिस आयुक्त द्वारा अक्टूबर–नवम्बर माह के 11 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स सम्मानित



कां0 राजू राम (द्वारका जिला)
अक्टूबर माह के संयुक्त सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर



कां0 जयवीर सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला)
अक्टूबर माह के संयुक्त सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर



हेडकां0 चेतराम (दक्षिण–पश्चिमी जिला)



हेडकां0 विकास कुमार (उत्तरी जिला)



कां0 कपिल देव (रोहिणी जिला)



हेडकां0 अमित (बाहरी जिला)
नवम्बर माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर



हेडकां0 कमलेश (दक्षिणी जिला)



हेडकां0 भूषण प्रसाद (दक्षिण–पश्चिमी जिला)



एएसआई दिनेश कुमार (उत्तरी जिला)



कां0 गौरव (पूर्वी जिला)



कां0 सुरेश (रोहिणी जिला)

26 फरवरी, 2019 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने विभिन्न जिलों के 11 बीट ऑफिसर्स जिन्होंने अपनी बीट ड्यूटी के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाने, गुप्त सूचनाएँ एकत्रित करने तथा इलाके के नागरिकों के साथ विश्वसनीय संबंध स्थापित करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की, प्रशंसा पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कां. संदीप (दक्षिणी जिला) किन्हीं जरूरी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

पुलिस आयुक्त द्वारा पूर्वी व शाहदरा जिला में रियायती दरों की पुलिस कैंटीन का उद्घाटन



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 2 जनवरी, 2019 को पूर्वी जिला (उपायुक्त पुलिस कार्यालय परिसर) व शाहदरा जिला (थाना फर्श बाजार परिसर) में पुलिसकर्मियों को सस्ती दरों पर घरेलू सामान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सब्सिडियरी कैंटीनों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस श्री पंकज सिंह उपायुक्त पुलिस श्रीमती मेघना यादव और दोनों जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि पुलिसकर्मियों के कल्याणार्थ योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वी व शाहदरा जिला में तैनात पुलिसकर्मियों को सीमावर्ती जिले होने के कारण कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और वे आशा करते है कि पुलिस प्रशासन उनके परिवार की जरूरतों का ध्यान रखें। अधीनस्थ स्टाफ के बीच यह संदेश जाना चाहिए कि उनके अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान दे रहे हैं।

सरिता विहार स्थित उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पूर्वी जिला परिसर में भी रियायती दरों की कैंटीन का उद्घाटन



15 जनवरी, 2019 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सरिता विहार स्थित उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पूर्वी जिला कार्यालय परिसर में रियायती दरों की कैंटीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेशचन्द्र श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय विस्वाल सहित काफी संख्या में जिला के पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। यह पुलिस कैंटीन दक्षिण–पूर्वी जिले और आसपास की 11 पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले पुलिस परिवारों और सेवानिवृत पुलिसकर्मियों के लिए आर्थिक तौर पर ही नहीं, बल्कि समय की बचत की दृष्टि से भी काफी लाभदायक सिद्ध होगी।

पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस परिवार को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ



1 जनवरी, 2019 को पुलिस मुख्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने समस्त दिल्ली पुलिस परिवार को नववर्ष के मौके पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की।

शुभकामनाएँ

माह नवम्बर व दिसम्बर, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों से 165 पुलिसकर्मी सेवानिवृत हुए है। इनमें से 11 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता है।

नवम्बर माह में सेवानिवृत 53 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :– इंस्पेक्टर रणबीर सिंह, एएसआई सुरेश राम, एमटीएस राम उजागर व एमटीएस घनश्याम **(तृतीय वाहिनी)**, एसआई हरीओम **(आईजीआई एयरपोर्ट)**, एमटीएस राजबीर सिंह व एमटीएस बाबू लाल **(एफआरआरओ)**, इंस्पेक्टर यशपाल सिंह व एएसआई इन्द्र सिंह **(रोहिणी जिला)**, एसआई आजाद सिंह **(बाहरी जिला)**, एसआई गजेन्द्र कुमार **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई रामेश्वर ऑरान, एएसआई सतबीर सिंह, एएसआई रणबीर सिंह, एएसआई दारा सिंह व एएसआई रामेश्वर सिंह **(पीसीआर)**, एसआई ज्ञान प्रकाश **(संचार शाखा)**, एसआई सुरेन्द्र सिंह **(लाईसेसिंग शाखा)**, महिला एएसआई शोभादेवी, एमटीएस प्रेम नारायण व एमटीएस नरेश कुमार **(उत्तरी जिला)**, एसआई गंगा प्रकाश व एमटीएस बच्चू सिंह **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एसआई श्याम लाल, एसआई ओमपाल सिंह, एसआई सुरजमल, एएसआई ऋषिपाल सिंह, एएसआई जयप्रकाश एएसआई जसवंत सिंह व एएसआई दलबीर सिंह उल्हान **(सुरक्षा शाखा)**, एसआई जोगेन्द्र कुमार, एसआई भगत सिंह, एएसआई गुलजार सिंह, एएसआई सुरजमल, हेडकां0 देवेन्द्र सिंह व एमटीएस भागीरथ **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एएसआई राजेश कुमार **(आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ)**, महिला इंस्पेक्टर निर्मला, एएसआई जयसिंह, एएसआई यमुना प्रसाद तथा हेडकां0 महाबीर प्रसाद **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई अशोक कुमार एसआई ब्रिजपाल सिंह एसआई विजयपाल सिंह तथा एएसआई हकीकत राय **(मध्य जिला)**, इंस्पेक्टर दीन दयाल कल्सन व एएसआई सुखबीर सिंह **(छट्टी वाहिनी)**, एसआई महेश चन्द **(दक्षिणी जिला)** तथा कां0 विनोद कुमार **(नई दिल्ली जिला)**।

दिसम्बर माह में सेवानिवृत 112 पुलिसकर्मियों में शामिल हैः– इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह **(मुख्यालय)**, महिला इंस्पेक्टर कमलेश, एसआई जगबीर सिंह, एसआई नत्थू सिंह व एसआई सुलतान सिंह **(स्पेशल ब्रांच)**, एसआई भूप सिंह एसआई राजेन्द्र, एसआई देवप्पा पी **(स्पेशल सेल)**, एसआई धर्मबीर सिंह **(राष्ट्रपति भवन)**, एएसआई कुसम यादव **(पांचवी वाहिनी)**, एमटीएस चांद कौर **(रोहिणी जिला)**, एसआई सुखबीर सिंह, एसआई देवीशरण, एसआई मुकेश कुमार **(ट्रेफिक)**, एएसआई ईश्वर सिंह, एएसआई फकीर चंद, एएसआई विनोद कुमार व एएसआई ताहिर हुसैन **(शाहदरा जिला)**, एसआई मल्कियत सिंह **(एफआरआरओ)**, एएसआई मंगत राम, एमटीएस संतरा **(दक्षिणी जिला)**, एसआई भगवान सहाय, एसआई श्रीकृष्ण, एएसआई ब्रिजपाल, एएसआई राजकुमार **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई कालीचरण, एमटीएस रामचन्दर ,एमटीएस लीलावती **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, हेडकां0 ताराचंद **(तृतीय वाहिनी)**, हेडका0 दिनेश कुमार व एमटीएस रामसिंह **(पश्चिमी जिला)**, एएसआई मोहर सिंह एसआई राजेन्द्र सिंह व एमटीएस गौरी दत्त **(बाहरी जिला)**, इंस्पेक्टर विजय पाल सिंह, एसआई रामनिवास, एसआई सुदर्शन लाल, एसआई वीर सिंह, एसआई रामनिवास, एसआई विक्रम सिंह, एसआई जोगेन्द्र सिंह, एसआई देवेन्द्र सिंह, एसआई राजकुमार, एसआई रामनिवास, एसआई देव सिंह, एएसआई शमशेर सिंह, एएसआई मुन्ना सिंह, एएसआई रोहताश सिंह, एएसआई देवेन्द्र पाल, एएसआई महेन्द्र सिंह, एएसआई शैल्वराज, एएसआई रमेश कुमार व हेडकां0 रमेशचंद **(पीसीआर)**, एसआई महेन्द्र सिंह **(पीटीसी)**, एसआई महेन्द्र सिंह व एमटीएस श्याम सिंह **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एसआई जगबीर सिंह, एसआई अमरपाल, एसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई यतेन्द्र कुमार, एमटीएस तुलसीदास, एमटीएस बंशीधर **(पूर्वी जिला)**, एसआई जगजीत सिंह व एमटीएस रमेश कुमार **(प्रथम वाहिनी)**, इंस्पेक्टर अतर सिंह, महिला एसआई राधा रानी **(अपराध शाखा)**, एसआई हरेन्द्र पाल, एएसआई हरीसिंह **(मैट्रो)**, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई रामप्रकाश, एएसआई भगवत दयाल व एमटीएस **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, इंस्पेक्टर सत्यवान सिंह, इंस्पेक्टर वीरेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर फिजायुद्वीन व एसआई यशपाल सिंह **(संचार शाखा)** महिला इंस्पेक्टर उषा रानी, एसआई सुरेन्द्र सिंह, एसआई महाबीर सिंह, एसआई सत्यपाल सिंह, एसआई कृष्ण गोपाल, एएसआई हरेन्द्र कुमार सिंह, एएसआई उमेद सिंह, एएसआई रामनिवास, एएसआई ब्रहमपाल सिंह, एएसआई दिलबाग सिंह, हेडकां0 कृष्ण कुमार, एएसआई रंगनाथन वी. **(सुरक्षा शाखा)**, इंस्पेक्टर नरेन्द्र कुमार आनंद, एएसआई वीरेन्द्र सिंह, एएसआई जगबीर सिंह व एमटीएस महेन्द्र पाल **(पीएंडएल)**, एसआई हरगौरी झा, एएसआई अमरनाथ,हेडकां0 जगबीर सिंह **(उत्तरी जिला)**, एसआई नरेश कुमार **(चतुर्थ वाहिनी)**, एएसआई अमरपाल सिंह **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई दीवान सिंह, एसआई जगपाल सिंह, एसआई नौबत राम, एएसआई कृष्ण चन्द्र, एएसआई जगदीश, एएसआई इन्द्रसिंह व हेडकां0 संजय सिंह **(नई दिल्ली जिला)**।

श्रद्धांजलि

माह दिसम्बर, 18 व जनवरी, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/यूनिटों में तैनात 39 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धाजंलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है। **दिसम्बर माह में दिवंगत 16 साथियों में शामिल है :–** एसआई करतार सिंह व एएसआई बिजेन्द्र सिंह **(पीसीआर)**, एसआई ज्ञानेन्द्र सिंह व एएसआई श्रीकिशन **(सुरक्षा)**, हेडकां0 पुकार लामा **(दक्षिण–पूर्वी जिला)** हेडकां0 गोवर्धन शर्मा **(ट्रेफिक)**, एसआई राकेश कुमार **(स्पेशल सेल)**, हेडकां0 विनय कुमार **(नई दिल्ली जिला)**, प्रशिक्षु कां0 रवीन्द्र मीणा **(पीटीएस वजीराबाद)**, एसआई धर्मबीर सिंह व एएसआई देवानंद **(संचार शाखा)**, हेडकां0 सत्यनारायण व हेडकां0 विनोद **(सतर्कता शाखा)**, एएसआई ब्रिजपाल **(शाहदरा जिला)**, हेडकां0 अैनुल हक अंसारी **(पूर्वी जिला)** तथा कां0 राजकुमार **(प्रथम वाहिनी)**।

माह जनवरी, 2019 में दिवंगत 23 साथियों में शामिल हैः– एसआई साहिब राव **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एएसआई दिलावर सिंह **(सुरक्षा)**, एएसआई अशोक कुमार व हेडकां0 गुलजारी लाल **(द्वारका जिला)**, हेडकां0 सोमबीर सिंह **(बाहरी जिला)**, एएसआई अजय सिंह व एएसआई जनकपाल सिंह **(पीसीआर)**, हेडकां0 ब्रिजेश कुमार **(शाहदरा जिला)**, हेडकां0 प्रशांत व कां0 राजकुमार **(चतुर्थ वाहिनी)**, एएसआई कैन्हया राम **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, कां0 अशोक कुमार **(पूर्वी जिला)**, हेडकां0 राजपाल सिंह कसाना **(स्पेशल सेल)**, हेडकां0 राजेश कुमार **(छट्टी वाहिनी)**, एमटीएस नरेन्द्र कुमार **(दक्षिणी जिला)**, कां0 जितेन्द्र कुमार व एमटीएस बाला देवी **(रोहिणी जिला)**, कां0 बंटी सिंह व एमटीएस शीला देवी **(पीटीसी)**, कां0 ललित सिंह **(पश्चिमी जिला)**, एएसआई हरीओम व एएसआई आजाद सिंह **(ट्रेफिक)** तथा कां0 सतीश कुमार **(उत्तर–पूर्वी जिला)**।

31 जनवरी, 2019 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री अरुण कम्पानी, 31 जनवरी 2019 को दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हुए। 1985 में दानिप्स से पुलिस सेवा शुरु करने वाले श्री अरुण कम्पानी को वर्ष 2000 में आईपीएस कैडर मिला।



एसीपी श्री दिनेश कुमार (बाहरी जिला)



एसीपी श्री वीर सिंह (सातवीं वाहिनी)



एसीपी श्री संजीव कुमार (पीसीआर)



एसीपी श्री राजेश कुमार (मध्य जिला)



एसीपी श्री राजेश कुमार नथानी (दक्षिणी जिला)

फोटो : रोज़र जोसफ

पुलिस आयुक्त द्वारा थाना जामिया नगर परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



22 फरवरी, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दिल्ली पुलिस की सामुदायिक नीति को मजबूत करने की दिशा में एक और पहल करते हुए थाना जामिया नगर परिसर में पहली **डिजिटल पुलिस–पब्लिक लाइब्रेरी** का उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि थाना परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की यह पहल संभवतः विश्व में पहला उदाहरण हो। उन्होंने इस डिजिटल लाइब्रेरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सेवा युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी और छोटे–छोटे प्रयासों से ही बड़े बदलाव की उम्मीद जागृत होती है। श्री अमूल्य पटनानक ने एक पुराने स्मरण का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2012 में जब वे दक्षिणी परिक्षेत्र के संयुक्त पुलिस आयुक्त थे तब जामिया नगर में एक लाइब्रेरी बनाई गई थी, उसी दौरान उन्होने यह कल्पना भी की थी कि यहाँ एक डिजिटल लाइब्रेरी होनी चाहिए। मेरी वही कल्पना आज सार्थक हुई है।

अंतरिम बजट में दिल्ली पुलिस को 550 करोड़ रुपये ज्यादा मिले

एक फरवरी, 2019 को प्रस्तावित अंतरिम बजट में दिल्ली पुलिस को गतवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष को 550.63 करोड़ रुपये ज्यादा स्वीकृत हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2018–19 में दिल्ली पुलिस को जहाँ 7407.23 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे जबकि आगामी वित्तीय 2019–20 के लिए 7881.77 करोड़ रुपये आवंटित किये गये है। दिल्ली पुलिस को राजस्व (रेवन्यू), संसाधान (कैपिटल सेक्शन) तथा बुनियादी ढ़ांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्शन) मदों के तहत मिलने वाली यह राशि सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, संचार नेटवर्क व सुरक्षा को सुदृढ़ और विकसित करने के क्षेत्र में दी जाती है।

हमारी आचार संहिता

हमें अपने अधिकारों और कार्यो की सीमाओं की पहचान होनी चाहिए और इनका पालन भी करना चाहिए। हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे यह लगे कि हम न्यायपालिका के कार्यो को अपने हाथों में ले रहे हैं। न ही हमें व्यक्तिगत झगड़े में पड़कर फैसला या दंड देना चाहिए।

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह–सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सम्पादक



सह–सम्पादक